दिनांकः 07 जुलाई, 2024

## नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ
## प्रेस विज्ञप्ति

वन महोत्सव सप्ताह समापन समारोह–2024 का आयोजन नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ में मुख्य अतिथि डा0 अरूण कुमार, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश, विशिष्ठ अतिथि श्री के0पी0 मलिक, मा0 राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश तथा श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, श्री सुनील चौधरी, प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश वन निगम, श्री अशोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन एवं विकास, उत्तर प्रदेश, श्रीमती अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, श्री दिनेश बडोला, क्षेत्रीय वनाधिकारी, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के साथ वन विभाग एवं प्राणि उद्यान के अधिकारी/कर्मचारी, टी0डी0 गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोमती नगर के छात्र/छात्राऐं एवं दर्शक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्राणि उद्यान की कैन्टीन पर लोहे के वेस्ट से बने एक बोतल वेस्ट कलेक्टर का लोकार्पण किया गया। दर्शक वेस्ट प्लास्टिक बोतल एवं अन्य सामग्री को इसी वेस्ट कलेक्टर में डाल सकेंगे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्राणि उद्यान में वन महोत्सव सप्ताह समापन समारोह के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया तथा चिल्ड्रेन पार्क में स्थापित सोलर ट्री, जो नेडा द्वारा प्राणि उद्यान को भेंट किया गया है, का लोकार्पण किया गया। पर्यावरणम् सोसाइटी द्वारा मुख्य अतिथि के माध्यम से पक्षियों हेतु मिट्‌टी के बर्तनों का वितरण कराया गया।

प्राणि उद्यान की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश श्री संजय श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वन महोत्सव सप्ताह–2024 की शुरूआत 01 जुलाई, 2024 को श्री के0पी0 मलिक, मा0 राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा की गयी, जिसके समापन समारोह में आज हम सब उपस्थित हुए हैं। पूरे सप्ताह भर प्रदेश में जागरूकता अभ्यिान चलाया गया जिसके अन्तर्गत प्रभात फेरी निकाली गयी, स्कूलों में वाद–विवाद प्रतियोगिता, रैली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आवहृन किया है कि ''एक पेड़ माँ के नाम''अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक प्रदेशवासी एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर अवश्य लगायेगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नारा दिया है ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा 25 प्रतिशत वृक्षारोपण पूर्ण कर लिया गय है। उन्होंने कहा कि जब सेटेलाइट सर्वे रिपोर्ट आयेगी तो मुझे विश्वास है कि नतीजे उत्सावर्धक होंगे। दिनांक 20 जुलाई, 2024 से प्रारम्भ होने वाले वृक्षारोपण हेतु विभाग के पास पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2030 तक प्रदेश को हरा–भरा बनाने का लक्ष्य रखा गया है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को 2030 से पूर्व ही प्राप्त कर लेंगे।

मुख्य अतिथि द्वारा प्राणि उद्यान के कर्मचारियों को बोतल का वितरण भी किया गया, जिससे वह फील्ड में कार्य करने के दौरान पानी पीने हेतु बोतल अपने साथ रखें।

श्री के0पी0 मलिक, मा0 राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश ने माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नारा दिया है ''एक पेड़ माँ के नाम'' जिसके द्वारा युवा पीढ़ी को वृक्षारोपण में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया है और आज सभी लोग अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगा रहे हैं, जब हमारे युवा अपना जन्मदिन या अन्य किसी शुभ अवसर पर उन्हें एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति प्रति पेड़ के हिसाब से आज हम बहुत पीछे हैं। इसके लिए हमे जागरूकता फैलाने की आवश्कता है। हमें सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि पूरे वर्ष भर पेड़ लगाने चाहिए। हम सभी ने कोरोना काल के भयावह दौर को भी देखा है। इस प्रकार के खराब दौर से बचने के लिए एक ही उपाय है और वह है हम अधिक से अधिक पेड़ लगायें।

मुख्य अतिथि डा0 अरूण कुमार, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश ने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान प्रदेश भर में जागरूकता रैलियाँ निकाली गयीं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नारा दिया है ''एक पेड़ माँ के नाम'' जिसके अन्तर्गत सभी लोग एक पेड़ अपनी–अपनी माँ के नाम पर या उनकी स्मृति में लगा रहे हैं। सहारा मरूस्थल का क्षेत्रफल बढ़ रहा है जिसे कम करने के लिए हमें पेड़ लगाने ही होंगे। प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण दिनांक 20 जुलाई, 2024 से दिनांक 15 अगस्त, 2024 तक किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने नारा दिया है ''पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ'' अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण पूर्ण होने के बाद हम पेड़ बचाओं अभियान के अन्तर्गत जहाँ–जहाँ वृक्षारोपण किया गया है वहाँ का स्थलीय निरीक्षण कर देखा जाएगा कि पौधा स्वस्थ है या नहीं। यदि पौधा स्वस्थ नहीं है तो उसके स्थान पर दूसरा पौधा लगाया जाएगा। इस बार पौधा लगाने से ज्यादा उसे बचाने पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हमने

पेड़ नहीं लगाये तो ऑक्सीजन का महत्व हम कोरोना काल में देख चुके हैं। बीते अप्रैल में हमने नौतपा देखा है जिसमें लखनऊ का भी तापमान काफी अधिक बढ़ गया था। तापमान बढ़ने से वाटर लेवल नीचे जाएगा, सूखे पड़ेगा जिससे जीव–जन्तु, वनस्पिति आदि का जीवन खतरे में पड़ सकता है। इन सबसे बचने के लिए हमे पेड़ लगाने ही होगें। इस विभाग नदी के किनारे, सड़क के किनारे, तालाब–पोखरों के किनारे वृक्षारोपण करेगा। उन्होंने निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ की सराहना करते हुए कहा कि वह बधाई की पात्र हैं कि प्राणि उद्यान में वृक्षों के कारण शीतलता रहती है जिससे आने वाले दर्शकों एवं वन्यजीवों को राहत मिलती है तथा वन महोत्सव सप्ताह समापन समारोह की इतनी अच्छी व्यवस्था करने के लिए निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ को पुनः बधाई। मुख्य्य अतिथि महोदय ने प्रदेशवासियों से अपील की कि आप सभी अपनी माँ के नाम पर या उनकी स्मृति में एक पौधा अवश्य लगायें।

प्राणि उद्यान, लखनऊ की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा आये सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

(–ह0–)

निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ